उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 87/2022/1846/छप्पन-2022-23/2017
लखनऊ, दिनांक: 08 दिसम्बर, 2022

कार्यालय-ज्ञाप

कार्यालय ज्ञाप संख्या- 82/2022/1403/छप्पन-2022-23/2017, दिनांक 10 अक्टूबर, 2022 के द्वारा नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश की परिचालन इकाई में पायलट (फिक्स्ड विंग) के रिक्त पद पर श्री गिरीश कुकरेजा को संविदा सेवा पर नियुक्त किया गया था। श्री गिरीश कुकरेजा के ई-मेल पत्र दिनांक 21 नवम्बर, 2022 के द्वारा पारिवारिक कारणों से कार्यभार ग्रहण करने में असमर्थता व्यक्त करते हुए उक्त पद पर कार्यभार ग्रहण/ योगदान प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतः श्री गिरीश कुकरेजा की उक्त कार्यालय ज्ञाप दिनांक 10 अक्टूबर, 2022 द्वारा की गई नियुक्ति/ अभ्यर्थन को निरस्त किया जाता है।

कुमार हर्ष
विशेष सचिव

श्री गिरीश कुकरेजा,
वाटर लिली,अडानी शांतिग्राम,
नियर-वैष्णवदेवी सर्किल, गाँधीनगर,
गुजरात-382421
पृ0सं0- 87/2022/1846(1)/छप्पन-2022-23/2017 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि श्री गिरीश कुकरेजा को नागरिक उड्डयन निदेशालय उ0प्र0 में किसी भी प्रकार की नियुक्ति से आगामी 05 वर्ष के लिए अनर्ह करने का निर्णय लिया गया है, तदनुसार इस हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
2. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0 प्रयागराज।
3. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7 ।
6. गार्ड फाइल

आज्ञा से,
आनन्द कौशिक
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in